सीबीएसई/सीई/2021 08/12/2021

<u>सूचना</u>

यह कक्षा XII के लिए प्राइवेट अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा फॉर्म प्रस्तुत करने के संबंध में दिनांक 27.11.2021 की सूचना और कक्षा X परीक्षाओं के लिए प्राइवेट अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा फॉर्म प्रस्तुत करने के संबंध में दिनांक 29.11.2021 की सूचना के क्रम में है।

उपर्युक्त उल्लिखित सूचनाओं में दिये गए अनुप्रयोज्य नियमों और प्रावधानों के अनुसार, कक्षा X और XII दोनों के लिए टर्म-II परीक्षाओं 2022 के साथ आयोजित की जा रही कम्पार्टमेंट परीक्षाओं के लिए प्राइवेट अभ्यर्थियों के रूप में पंजीकरण के लिए केवल निम्नलिखित श्रेणियों के अभ्यर्थी पात्र थे:

क अभ्यर्थी जो मुख्य 2021 परीक्षा में कंपार्ट्मेंट श्रेणी में आए थे और

ख अभ्यर्थी जो अगस्त/सितंबर-2021 में कंपार्ट्मेंट श्रेणी में आए थे

इस संबंध में, विद्यमान परिस्थितियों और शैक्षणिक सत्र 2021-2022 के दौरान विभिन्न विषयों के लिए परीक्षाओं के संचालन की स्थिति पर विचार करते हुए, यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्ण विषय श्रेणी के अंतर्गत मुख्य 2020 में उपस्थित हुए थे और कंपार्ट्मेंट श्रेणी में आए थे और उत्तरवर्ती अवसरों में अपनी कंपार्ट्मेंट परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो सके थे, वे कक्षा X और XII दोनों के लिए टर्म-II परीक्षा 2022 के साथ आयोजित की जा रही कम्पार्टमेंट परीक्षाओं में प्राइवेट अभ्यर्थियों के रूप में पंजीकरण करने और उपस्थित होने के लिए भी पात्र होंगे। यह निर्णय केवल विशेष परिस्थितियों पर विचार करते हुए सत्र 2021-22 के लिए एक-बार के विशेष उपाय के रूप में लिया गया है।

हस्ताक्षरित

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित वेब एडमिन को प्रति